an>

Title: Regarding providing basic amenities to the women working in Police.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष पर सब को बधाई देते हुए मैं कहना चाहता हूं कि आज महिलाओं की जो स्थिति है, पूरे देश भर में जो महिलाएं पुलिस में काम करती हैं, उन महिलाओं को शौचालय, लघुशंका के लिए कोई भी उपलब्ध स्थान नहीं रहता है। वे पानी भी नहीं पीती हैं और जिससे कई प्रकार की बीमारियां भी हो जाती हैं। यह मामला बहुत उजागर हुआ है। मैं चाहता हूं कि इस पर सरकार अन्तर्राष्ट्रीय महिला वर्ष में सहानुभूतिपूर्वक ध्यान दिया जाये।